तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025

11 बसना में निकाली गई तिरंगा यात्रा देश भक्ति ...



12 गोड़बहाल के शिविर में 3629 आवेदनों ...





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** बाइक से अपने गांव वापस आ रहे पति-पत्नी को एक अन्य बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। सांकरा पुलिस ने बताया कि राजेंद्र कुमार जगत निवासी गोपालपुर 25 अप्रैल को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 6458 अपनी पत्नी देवंतीन जगत के साथ केऊदादर से अपने गांव गोपलपुर वापस जा रहा था। परसवानी रोड वन दुर्गा मंदिर ग्राम लारीपुर के पास करीब 4.30 बजे विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 8487 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पत्नी-पत्नी घायल हो गए। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी वेदप्रकाश कानूनगो पिता लिंगराज कानूनगो (19 साल) गौरटेक थाना बसना ने बताया कि 15 मई को उसके पिताजी लिंगराज कानूनगो व दादी बूंदो बाई कानूनगो के साथ पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 2842 में काम से डूमरपाली जा रहे थे। तभी उसे पता चला कि पिताजी व दादी का एनएच 53 रोड पौसरा में एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर वह घटनास्थल पौसरा आया और देखा कि बाइक क्षतिग्रस्त हालत में रोड किनारे पडा था और पिताजी व दादी को एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल बसना लेकर गए। इसके बाद सीएचसी बसना आया तो देखा कि दोनों का इलाज चल रहा है। वहां बैठे बडे पिताजी के लड़के पंकज बंछोर ने बताया कि पिताजी लिंगराज अपने मोटर साइकिल से दादी को पीछे बैठाकर अपने साइड में चलाते हुए बसना की ओर आ रहे थे, एनएच 53 रोड पौसरा में सुबह 8-40 बजे पीछे से आ रही ग्रैंड विटारा कार क्र सीजी 13 बीए 7111 का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे दोनों को चोटें आई। इस मामले में धारा 281, 125(ए) बीएनएस एवं 184 मो.व्ही. एक्ट का अपराध घटित करना पर आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया।

# सिरपुर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, कलेक्टर-एसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित भ्रमण दल के सदस्य भी हुए शामिल

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला।

तिरंगा यात्रा में कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक सहित भ्रमण दल के 5 सदस्य शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ सिरपुर के ऐतिहासिक स्थल से हुआ और यह शहर के प्रमुख चौक, चौराहों तथा गलियों से होते हुए आगे बढ़ी। इस रैली में स्काउट-गाइड के बच्चों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्थानीय



जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा लहराते हुए, देशप्रेम नारों और देशभक्ति गीतों के साथ वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से भर दिया।

रैली के दौरान सभी ने अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से हिस्सा लिया। लोगों के चेहरों पर देश के प्रति समर्पण और गर्व की झलक स्पष्ट रूप देखा जा सकता था। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सिरपुर जैसी ऐतिहासिक नगरी में इस प्रकार के आयोजन से युवाओं को अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी नागरिक एकजुट हो के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में भारत माता की जय घोष,वंदे मातरम के साथ भाग लिया।

## मांग: अधिकारियों को ज्ञापन देकर खरीदी नहीं किए जाने का लगाया आरोप

# नहीं हो रही तेंदूपत्ता की खरीदी, ग्रामीणों ने की भतकुंदा फड़ की फिर से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम भतकुंदा के ग्रामीणों ने तेंदूपत्ता खरीदी में कथित गड़बड़ी को लेकर नाराजगी जताते हुए बिजेमाल समिति अंतर्गत फड़ भतकुंदा की पुनः जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए खरीदी नहीं किए जाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि 3 मई को केवल एक ही दिन तेंदूपत्ता तोड़ा गया, जिसे 6 मई को फड़ में जमा किया गया। लेकिन, ठेकेदार द्वारा तेंदूपत्ता को खराब बताकर खरीदी करने में आनाकानी किया गया। और सभी संकलनकर्ताओं का पत्ता नहीं खरीदा गया। ग्रामीणों का कहना है कि मात्र 40 प्रतिशत



पत्ते की खरीदी करने की बात कही जा रही है। जबकि, शेष पत्ते को अन्य समिति को देने का सुझाव देकर गुमराह किया गया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

इस पर समिति प्रबंधक बारीक लाल भोई ने बताया कि कई ग्रामीणों ने खरीदी तिथि से पहले ही पत्ते तोड़कर घर में रखे थे, जिससे पत्ते काले पड़ गए और खराब हो गए। उन्होंने बताया कि इस सत्र में भतकुंदा के लिए 200 मानक बोरा का लक्ष्य तय था, लेकिन अभी तक केवल 69.5 मानक बोरा पत्ता ही खरीदा गया है।

इस मामले को लेकर ग्राम भतकुंदा के निवासी शोभाराम तांडी पिता ईश्वर तांडी ने वन परिक्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए खरीदी प्रक्रिया की पुनः जांच कराने एवं शत-प्रतिशत तेंदूपत्ता खरीदी सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

इस संबंध में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा सालिकराम डड़सेना का कहना है कि इस मामले की जांच उच्च अधिकारियों द्वारा 7 मई को की गई है। ग्राम भतकुंदा के ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोड़ने को कहा गया है। गुणवत्तापूर्ण तेंदूपत्ते की खरीदी करने को हम तैयार हैं।

# पारादीप-रायपुर-रांची पाइप लाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी का प्रयास

- अज्ञात आरोपी के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज, विवेचना में जुटी पुलिस


**महासमुंद।** ग्राम जगत के एक खेत से गुजरे पारादीप-रायपुर-रांची पाइपलाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी के प्रयास के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइप लाइंस डिवीजन) एसईआरपीएल, रायपुर में ऑपरेशन मैनेजर मिथलेश कुमार देवांगन ने दिए गए शिकायत में बताया कि वह रायपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत पारादीप-रायपुर-रांची पाइपलाइन (पीआरआरपीएल) की पाइपलाइन सुरक्षा संबंधित गतिविधियों की निगरानी संबंधी कार्य करता है और उसका कार्य सरायपाली से रायपुर के बीच में बिछी पाइपलाइन की निगरानी करना है। प्रार्थी ने बताया कि 14 मई को रात्रि 10:16 बजे, पाइपलाइन इंडूज़न डिटेक्शन एंड वार्निंग सिस्टम ने चेनिज 517.747 किलोमीटर (एक्स-परादीप) पर संभावित छेड़छाड़ का अलार्म दिखाया। इस अलार्म की त्वरित प्रतिक्रिया टीम द्वारा तुरंत पुष्टि की गई। टीम के 10:45 बजे स्थल पर पहुंचने के उपरांत उन्होंने क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और वहां एक गड्ढा, डबल-वल्व फिटिंग, पाइप ड्रिलिंग की व्यवस्था, बोरी, औजार तथा अन्य सामग्री पाई गई।

प्रार्थी ने आवेदन में कहा कि इन साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पाइपलाइन से अवैध रूप से पेट्रोलियम उत्पाद की चोरी करने का प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पाइपलाइन अत्यधिक ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पाद (एचएसडी) को अत्यधिक दबाव पर परिवहन करती है। पाइपलाइन से तेल की चोरी अथवा छेड़छाड़ से न केवल राष्ट्र की मूल्यवान संपत्ति की हानि होती है, बल्कि इससे बड़े पैमाने पर आगजनी, जनहानि, सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को क्षति एव ईंधन आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका उत्पन्न होती है। बसना थाने में आवेदन के अवलोकन के बादअज्ञात आरोपी का के खिलाफ धारा 303(2), 62 बीएनएस, पेट्रोलियम एवं खनिज पाइपलाइन अधि. 1962 (संशोधित 2011) की धारा 15(2), 15(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### सहकारी समितियों से खाद-बीज का उठाव शुरू

**नर्रा।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति परसुली के अंतर्गत किसान खेती किसानी के लिए केसीसी ऋण, खाद बीज के लिए सोसायटी पहुंच रहे। साथ ही किसानों का खाद बीज का परमिट भी काटा जा रहा है। सोसायटी में उपलब्ध बीज में लाल सरना और सफेद सरना, खाद में युरिया, डीएपी, पोटास एवं सुपर फास्पेट दिया जा रहा है। किसान ट्रैक्टर, बैल गाड़ी, छोटा हाथी पीकअप, मोटर साइकिल इत्यादि वाहनों से ढुलाई कर रहे है। सहकारी समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम परकोम, परसुली, खट्टी सेनभांठा, अमनपुरी, पंडरीपानी, कारागुला बनियातोरा आदि शामिल है। इस तरह कृषि साख सहकारी समिति नर्रा में भी खाद बीज का उठाव शुरू हो हो गया है। किसान केसीसी ऋण, खाद बीज के लिए सुबह से पहुंच रहे हैं।




# अतिक्रमण हटाने के दौरान महिला घायल, ग्रामीण भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सराईपाली में अपर आयुक्त न्यायालय के आदेश पर 40-50 साल से पंचायत द्वारा आबंटित भूमि पर बने घरों को जेसीबी से ढहाने के दौरान घर के भीतर रही एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए बसना लाया गया है। लेकिन, इस घटना के बाद ग्रामीण भड़क उठे। और देखते-देखते, गाँव में तनाव फैल गया। स्थिति देखकर प्रशासनिक अमला मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस बल अभी भी गांव में मौजूद है। गाँव में अभी भी तनाव है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव में गली से लगी शासकीय भूमि पर गरीब परिवारों को पंचायत द्वारा मकान बनाने के लिए 40-50 वर्ष पूर्व ढाई-ढाई डिसमिल जमीन आबंटित की गई थी। जहाँ गरीब भूमिहीन गंगाधर पिता रंजीत जाति कोलता, श्वेत पिता दयाल सिंह जाति गाड़ा, सत्यानंद पिता इंद्रो जाति रावत कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे थे। 2017-18 में पीएम आवास स्वीकृति होने पर सत्यानंद ने पक्का आवास बना लिया। इसके पूर्व गंगाधर का भाई बलोचन पिता रंजीत को इंदिरा आवास मिला तो वह भी उसी जगह पर इंदिरा आवास बनाकर रह रहा है। तीनों सत्यानंद, श्वेत पिता दयाल, बलोचन तथा उसके भाई गंगाधर के मकान के पीछे तेजराम पिता शशिधर प्रधान का खेत है। खेत मालिक का कहना है कि जिस जगह पर सत्यानंद, श्वेत पिता दयाल, बलोचन उसका भाई गंगाधर मकान बनाए हैं वह उनकी लगानी जमीन खेत का हिस्सा है। इन तीनों के अतिक्रमण के खिलाफ उनके द्वारा न्यायालय में प्रकरण दर्ज करवाया गया। जहां से उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया था। अतिक्रमणधारी की अपील के बाद अपर आयुक्त द्वारा कब्जा हटाने आदेशित किया गया है। अपर आयुक्त के आदेश के फलस्वरुप बसना तहसीलदार के आदेश पर मालजमादार, पटवारी, पुलिस बल के साथ जेसीबी मंगाकर कब्जा हटाने आए थे। उक्त जगह का कब्जा खेत मालिक को दिलाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने आए प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों का मोहल्लेवासी विरोध करने लगे तथा इसी बीच सत्यानंद की पत्नी सत्यभामा सामान निकालने के लिए मकान के अंदर गई हुई थी। मकान से बाहर आ ही रही थी कि जेसीबी ने मकान ढहाना शुरु किया। मलबे के कुछ हिस्से की चपेट में आकर वह गिर कर घायल हो गई। इससे लोग भड़क गए। और प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी वहाँ से भाग खड़े हुए। जानकारी मिलते ही पुलिस की 112 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सत्यभामा को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया। गांव में इस मामले को लेकर तनाव है।





मोहल्ले वासियों का आरोप है कि खेत मालिक गरीब-मजदूरों को जो 40-50 साल से मकान बनाकर रह रहे हैं उन्हें सिर्फ इसलिए तंग कर रहा है कि उनके मकान के पीछे उसका लगानी खेत है। और अपने खेत के सामने वह पक्का मकान बनाने नहीं देना चाहता। भविष्य में वह खेत से लगे उक्त कथित अतिक्रमित भूमि मकान पर खुद मकान बनाना चाहता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उसके खेत जाने के लिए खेत के पीछे बरोली से भगतदेवरी जानी वाली पक्की सड़क उपलब्ध है। उस सड़क से उसके खेत में ट्रैक्टर जा सकता है। जिस जमीन से मकान ढहाये गये हैं उस जमीन के शासकीय होने का प्रमाण पत्र 3 सरपंचों द्वारा दिया गया था। पहले इनके मकान के पीछे बाड़ी बनी थी। राजस्व विभाग द्वारा खेत मालिक की जगह बताने पर उक्त बाड़ी को मकान मालिकों ने हटा दिया था। अब केवल मकान ही बचा था। जिसे खेत मालिक हटवाना चाहता है। इसके पूर्व भी आवेदक तेजराम के चाचा सनातन का भाई बंटवारा में खेत था। इसके ठीक पीछे नित्यानंद, सौदागर, सतकुमार को भी ढाई-ढाई डिसमिल जमीन दी गई थी। सनातन ने इन तीनों की जगह को भी हटाने के लिए तहसील न्यायालय में आवेदन दिया था। बार-बार परेशान करने के बाद तीनों नित्यानंद, सौदागर, सतकुमार अपने खेत में या अलग जमीन खरीद कर घर बना कर रह रहे हैं। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए तहसीलदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन, संपर्क नहीं हो पाया।

## खबर संक्षेप

### दसवीं में रिसिका को मिला 91 प्रतिशत



**महासमुंद।** सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा (10वीं) में रिसिका चांडक ने 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में टॉप की है। छात्रा को सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त हुआ है। रिसिका के पिता गोपाल चांडक एवं दादा पन्नालाल चांडक नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी है। रिसिका आगे डाक्टर बनना चाहती है। अभी से नीट परीक्षा की तैयारी में लग गई है।



### बरबसपुर में शौर्य तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के प्रति दिया संदेश

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बरबसपुर में शनिवार को जोश और उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी व उपसरपंच मोनिका साहू के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि भारत के वीर सैनिकों, अर्ध सैनिक बलों के साहसिक प्रयास ऑपरेशन सिंदूर को अदम्य सफलता मिली है, उन सभी सैनिकों के सम्मान एवं उन्हें धन्यवाद देने तिरंगा यात्रा में ग्राम भ्रमण के साथ राष्ट्रप्रेम की भावना के प्रति जागरूकता संदेश देना हैं। ग्राम के मुख्य मार्ग से देश भक्ति जज्बे के साथ जय जवान, इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। इस अवसर पर टिकेश्वरी साहू, हेमिन साहू, कैलाश निषाद, मोहन सोनवानी, वर्षा भारती, ममता सोनवानी, दुलस परमार, यमुना सोनवानी, मीना निर्मलकर, हरिमोहन निषाद, भारती यादव, बिरम डहरिया, रोशन दास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

### जामनगर से लाए गए जेब्रा की सर्पदंश से मौत



**रायपुर।** जंगल सफारी में एक वयस्क नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने की घटना गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे के करीब की है। जेब्रा को सांप काटे जाने के बाद जू कीपर की उस नजर पड़ी, तब तक जेब्रा जिंदा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। जू कीपर ने तत्काल इसकी सूचना जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के साथ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. जय किशोर जड़िया को दी। दोनों ने मौके पर पहुंचकर जेब्रा को बचाने एंटी स्नैक वेनम डॉट लगाया, बावजूद इसके जेब्रा को बचाया नहीं जा सका और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सफारी में जिस जेब्रा की मौत हुई है, उस जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व अनंत अंबानी की संस्था द्वारा संचालित गुजरात स्थित जामनगर राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जंगल सफारी के डायरेक्टर ने सभी आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सभी प्रजाति के वन्यजीवों के बाड़े में सर्प नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के डायरेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

### 12वीं परीक्षा परिणाम के पहले ही बंद हो गए थे पोर्टल, अब रविवि फिर से मंगाएगा अर्जी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा अध्ययनशाला में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फिर से शुरू कर दिए गए हैं। पूर्व में 12 मई तक छात्रों से इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। सीबीएसई के परिणाम अंतिम तिथि गुजर जाने के पश्चात 13 मई को जारी हुए। इसे लेकर कई छात्रों ने विरोध प्रकट किया था। विद्यार्थियों का कहना था कि 12वीं के नतीजे आने से पहले से आवेदन पोर्टल बंद होने के कारण वे फॉर्म नहीं भर सके हैं। रविवि द्वारा शुक्रवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करते हुए छात्रों से आवेदन मंगाए गए हैं।

# महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम हुआ। विधायक ने नारियल तोड़कर कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। मार्ग के चौड़ीकरण से लोगों को काफी राहत मिलेगी। सालों से यह मांग की जा रही थी, जो अब जल्द ही पूरा होने वाला है। महासमुंद-तुमगांव मार्ग में स्थित गुलशन चौक में महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पहुंचे। जहां लोगों ने उनका जोशीला स्वागत किया। फिर पूजन कार्यक्रम शुरू हुआ। मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ कार्यक्रम हुआ। उपस्थित आमजनों ने इस कार्य की सौगात देने के लिए विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी भाजपा की सरकार हमेशा जनहित में कार्य कर रही है। लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए ही अनेक विकास कार्य किए रहे हैं। आगे कहा कि काफी समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। शासन द्वारा कार्य स्वीकृत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका भूमिपूजन किया गया था। कुल 19.86 करोड़ रुपए की लागत से 9.65 किलोमीटर लंबाई तक कार्य होगा। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य होगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, वरिष्ठ नेतागण प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, हरवंश सिंह, रोहित चंद्राकर, राधेश्याम साहू, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, पप्पू ठाकुर, गोविंद ठाकुर, भगवती करकसे, सुनैना ठाकुर, माखन पटेल, सीता डोंडेकर, पीयूष साहू, अमित साहू, सुनीता साहू, विजय साहू, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, रामेश्वर पटवा सहित अन्य उपस्थित थें।

### सघन आबादी वाले क्षेत्र से गुजरता है मार्ग

महासमुंद-तुमगांव मार्ग काफी व्यस्ततम है। शहर की करीब 40 प्रतिशत आबादी जो नयापारा, अयोध्या नगर और इमलीभाठा में निवासरत है, उनके लिए यह मुख्य मार्ग है। इसके चौड़ीकरण से काफी सुविधा हो जाएगी। वहीं इस मार्ग के आसपास में कई स्कूल भी आते हैं, स्कूली बच्चों को भी आवाजाही में आसानी होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग इसी मार्ग का उपयोग कर महासमुंद आते हैं।

### नगर पंचायत तुमगांव को जोड़ता है मार्ग

यह मार्ग महासमुंद शहर और नगर पंचायत तुमगांव को जोड़ता है। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। साथ ही यह मार्ग नेशनल हाईवे 53 को भी जोड़ता है। वहीं इसी मार्ग से होकर महासमुंद से बलौदाबाजार, सरायपाली और सारंगढ़ जाते हैं। इस रूट की सभी यात्री वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरती है। इन सभी जरूरतों को देखते हुए मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

# बागबाहरा में क्षेत्र के लोक कलाकारों का हुआ सम्मान समारोह आज

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संघ बागबाहरा एवं कलाकार विकास मंच बागबाहरा द्वारा इस वर्ष भी बागबाहरा अंचल के चुनिंदा नृत्य कलाकारों एवं गायकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम 18 मई रविवार को प्रातः 11 बजे से वन विभाग रेस्ट हॉउस बागबाहरा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कलाकार विकास मंच बागबाहरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी तथा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संघ के जिला अध्यक्ष ऐतराम पप्पू साहू होंगे। छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि अंचल के नृत्य कलाकार एवं गायककार छत्तीसगढ़ के पारम्परिक प्राचीन लोककला को विभिन्न वेशभूषा में सज धज कर विभिन्न विधाओं में अहम भूमिका निभाकर उसे जीवित बनाए रखने में आप लोगों का सराहनीय योगदान है। प्राचीन पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर को आप अपनी विभिन्न कलाओं के माध्यम से संजोए हुए हैं। आप एक ऐसे महान चुनिंदा कलाकार हैं, जो अपनी कला की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार आकर्षक ढंग से दर्शकों के बीच मंच में दे चुके हैं। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। कला के क्षेत्र में आप एक विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। आप एक लोककला के महान धनी हैं। आपके कला की खुशबू पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में भी महक रही है। कला के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कलाकारों को मंच में उचित स्थान देकर हम लोग आप सभी का सम्मान करना चाहते हैं। ताकि इस सम्मान से आपके हौसले बुलंद हो सके। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के चुनिंदा कलाकार सादर आमंत्रित हैं।

# स्काउट संघ ने प्याऊ घर में सेवा देने वालों को दिया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ पिथौरा द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य करते हुए भीषण गर्मी में राहगीरों व आम नागरिकों के लिए एक माह से अधिक समय तक लगातार प्याऊ घर का संचालन किया गया, जिसका समापन किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत के निर्देशानुसार यह सेवा अभियान पिथौरा थाना के समीप प्रारंभ हुआ था।प्याऊ सेवा के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार को राहगीरों को मीठा शरबत एवं नींबू पानी वितरित किया गया, जिससे सैकड़ों लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस सेवा कार्य में स्काउट्स-गाइड्स के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा भावना का परिचय दिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यनारायण अग्रवाल अध्यक्ष स्काउट गाइड, अध्यक्षता स्वप्निल तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि संजय गोयल, गौरव चंद्राकर ब्लॉक मीडिया प्रभारी एवं एफए नंद पूर्व बीआरसीसी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने बच्चों के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में बच्चों द्वारा दी गई सेवा न केवल साहसिक कार्य है बल्कि पुण्य का भी भागी बना है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संघ के सचिव झनेश कुमार साहू ने किया। इस सेवा अभियान में कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस अभियान में स्काउट मास्टर दिलीप कुमार निषाद, रोवर लीडर योगेश्वर डडसेना, रोवर दिवेश निषाद, स्काउट हिमांशु ठाकुर एवं विभिन्न स्कूलों जैसे रॉयल किड्स, कन्या शाला, आत्मानंद स्कूल, आरके स्कूल व जंघोरा पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने बारी-बारी से सेवा कार्य किया। सेवा में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# समर कोर्स में बच्चे सीख रहे अनेक गतिविधियां विधायक योगेश्वर ने बढ़ाया उनका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को पीएमश्री बृजराज पाठशाला के समर कोर्स में बच्चों से मिलने के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पहुंचे। समर कोर्स में बच्चे पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों का ज्ञान ले रहे हैं। विधायक सिन्हा ने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इनका सर्वांगीण विकास हमारी जिम्मेदारी है। इस उम्र में बच्चें जो सीखते हैं वह ज्ञान उन्हें जीवनभर स्मरण रहता है। इसलिए कोई भी चीज सीखने का सही उम्र बचपन ही होता है। बच्चों को स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिले, इसकी व्यवस्था की जा रही है।



साथ ही गर्मी की छुट्टियों को भी उपयोगी बनाने के लिए समर कोर्स करवाया जा रहा है। इसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य कलाओं में भी निपुण किया जा रहा है। समर कोर्स बच्चों को संगीत, पेंटिंग जैसे कई गतिविधियां सिखाई जा रही है। इससे बच्चों के अंदर की प्रतिभा निखर कर बाहर आती है। कई बच्चें ऐसे होते हैं जिनको अपनी प्रतिभा दिखाने का सही मंच या अवसर नहीं मिल पाता है। इसलिए ऐसे कोर्स आयोजित कर उनकी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद हरवंश सिंह, पीयूष साहू सहित भाजपा नेता आनंद साहू, शरद राव, रामेश्वर पटवा व अन्य उपस्थित थे।

### बच्चों से मिलकर याद आया बचपन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नन्हें बच्चों के बीच आकर आनंद की अनुभूति हुई है। इन्हें देखकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल होना है। समर कोर्स आप लोगों के लिए लगाया जा रहा है, इसलिए इसमें शामिल होकर नई-नई चीजें सीखते रहें।



### गढ़पटनी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बसना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर शासकीय प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शाला गढ़पटनी बच्चों और ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक सरविंद सिदार, सहायक शिक्षक लगन नाग, खीरवंती भोई, उच्च माध्यमिक शाला से प्रभारी प्रधानाध्यापक चंचला, शिक्षक शंकर सिदार, निरूपमा विशाल, सरपंच लक्ष्मी पटेल, सचिव जयनारायण भोई, सुखराम करेत, रुपा पटेल आदि मौजूद रहे।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर के कक्षा बारहवीं एवं दसवीं के छात्रों ने रायपुर तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सीबीएसई-2025 परीक्षा के अंतर्गत बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में कला संकाय से ज्ञानवी कोरे 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, पलक सोनकर 91.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अविका सिंह 88.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार विज्ञान संकाय से शुभम पात्रे 90.6 प्रतिशत, छवि पाटिल 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा हर्ष साहू 89.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय से रुचिका वर्मा 93.4 प्रतिशत अंकों के प्रथम स्थान, रिशिका साहू 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अर्णव कश्यप 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

# लाफिनखुर्द में तिरंगा यात्रा का आयोजन वीर जवानों के पराक्रम को सराहा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए तथा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने एवं देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के हाईस्कूल, माध्यमिक, प्राथमिक शालाओं के छात्र-छात्राएं, ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारीगण एवं अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच जानकी साहू ने झंडी दिखाकर किया।

यात्रा के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत नारे और गीतों की गूंज ने समूचे ग्राम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के पश्चात समापन समारोह में हाईस्कूल के प्राचार्य भारत साहू ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की और भारतीय सेना की वीरता की सराहना की। इसके अलावा राधेश्याम सोनी और नामदेव साहू ने भी भारतीय सेना के शौर्य एवं पाकिस्तान की पराजय के बारे में जानकारी देकर उपस्थित जनों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर सरपंच जानकी साहू, पंचगण नन्दनी साहू, ओमकुमारी ध्रुव, उपासना साहू, अनिता साहू, संगीता ध्रुव, वीरेन्द्र कुमार ध्रुव, शंकर कन्नौजे, भागीरथी साहू, नंदकिशोर नवरंगे, सचिव माधुरी चौहान, हाई स्कूल से भारत साहू, प्राथमिक विद्यालय से बसंत नेताम, माध्यमिक विद्यालय से दिगम चंद्राकर, शिशु मंदिर से मंजूषा साहू, शीतल ध्रुव, हिना यादव, लोकेश सेन, रूपेश साहू, वरिष्ठ नागरिक टोपराम साहू, नामदेव साहू, घासु साहू आदि उपस्थित रहे।



### सोनापुटी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बागबाहरा।** ग्राम पंचायत सोनापुटी में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के चलते एक अप्रतिम अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में ग्राम पंचायत के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेना के प्रति अपना सम्मान और समर्थन प्रकट किया। इस अवसर पर लोगों ने सेना की बहादुरी और देश के प्रति उनकी निष्ठा को सम्मानित किया और उनके अद्वितीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगे झंडे लहराए और सेना के समर्थन में नारे लगाए, जिससे वातावरण में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हो गई। यह तिरंगा यात्रा एक यादगार पल था, जिसने ग्राम पंचायत सोनापुटी के लोगों की एकता और देशभक्ति को प्रदर्शित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्राम पंचायत सोनापुटी के सरपंच बिमला रेखराज निषाद, उपसरपंच राजेंद्र साहू, पंच धनेश्वर पटेल, किरण निर्मलकर, मोहानी दीवान, सचिव पुनूराम साहू, शिक्षक हेमंत साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामेश्वरी धृतलहरे, सहायिका बोदाबाई ध्रुव, मेघराज दीवान, ग्रामवासी पुराणिक निराला, अनिल कुमार, एवं देशप्रेमी ग्रामवासी मौजूद रहे।



### तिरंगा यात्रा में लोगों ने सेना के समर्थन में लगाए जमकर नारे

**बागबाहरा।** नगर पालिका परिषद द्वारा भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेना के प्रति अपना सम्मान और समर्थन प्रकट किया। इस अवसर पर लोगों ने सेना की बहादुरी और देश के प्रति उनकी निष्ठा को सम्मानित किया और उनके अद्वितीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगे झंडे लहराए और सेना के समर्थन में नारे लगाए, जिससे वातावरण में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हो गई। यह तिरंगा यात्रा एक यादगार पल था, जिसने नगर के लोगों की एकता और देशभक्ति को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, नपाउपाध्यक्ष देवेश साहू, सविता दीवान पार्षद, रमेश ठाकुर पार्षद, मानता यादव पार्षद, मेनका पोखराज साहू पार्षद, रुपेश साहू पार्षद, सिवा जगत पार्षद, डीएल बर्मन मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं शशि प्रताप सिंह उप अभियंता, शिक्षा विभाग एवं नगर पालिका परिषद बागबाहरा के अधिकारी/कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# बास्केटबॉल इंडिया कैंप चेन्नई के लिए दिव्या का चयन

## 18 मई से 11 जून तक आयोजित किया जाएगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल कोचिंग कैंप ऑफ इंडिया अंडर 16 वूमेन नेशनल बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 18 मई से 11 जून 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया जा रहा हैं, जिसमें महासमुंद जिले की बास्केटबॉल बालिका खिलाड़ी दिव्या पिता विनोद रंगारी इमलीभाठा का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है। दिव्या ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम से खेलते हुए सबसे अधिक अंक बनाए थे। छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने चैंपियनशिप में 4था स्थान हासिल किया था। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर दिव्या का चयन किया गया है।

विदित हो कि 48वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं। जिसमें जिले की दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था। 49वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप हैदराबाद तेलंगाना में जिले से ओजस्वी चंद्राकर, योजना रंगारी प्रदेश की टीम में शामिल रही। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने पांचवां स्थान हासिल किया था। महासमुंद जिले में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जाता हैं। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ ही पदक जीतने में सफल रहे हैं। जिले के खिलाड़ी खेल अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं। बास्केटबॉल इंडिया कैंप चेन्नई के लिए महासमुंद जिले से दिव्या का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, संतोष सोनी, किरण महाडिक, जिला बास्केटबॉल संघ से नूरेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर व बादल मक्कड़, पिता विनोद रंगारी, सचिव शुभम तिवारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, लालू सोनवानी, मनीष चंद्राकर, विकास सोनी, पूरन साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी, अजय सिन्हा, राहुल दास, आदित्य पटेल, योजना रंगारी, शिवम, खुशबू साहू, तारणी साहू, सौम्या, सिम्मी चंद्राकर ने हर्ष जताया है।



आयोजन : नगर पालिका द्वारा शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

# भारत का प्रत्येक नागरिक देश व सेना के सम्मान में खड़ा : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई है। भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम पर देश का हर नागरिक गर्व महसूस कर रहे हैं। शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने तथा सेना के सम्मान में नगर पालिका महासमुंद द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

पालिका द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान और उनके साहसिक कार्य की सराहना करने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा, भारत के हर नागरिक भारतीय सेना और तिरंगे के सम्मान में खड़ा है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हम सेना के पराक्रम को नमन करते हैं तथा उनके साहस को प्रणाम करने यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। शनिवार की सुबह 10 बजे नगर पालिका भवन से तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज दिखाकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। नपा कार्यालय से शुरू तिरंगा यात्रा स्वामी चौक, आंबेडकर चौक, बिठोबा चौक होते हुए महामाया मंदिर चौक, गांधी चौक पहुंची। वहां से पालिका दफ्तर में यात्रा का समापन हुआ।

इस यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नपा सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी संजय भोई, धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, हरवंश सिंह ढिल्लो, माखन पटेल, पार्षद भाऊराम साहू, सीता तोंडेकर, सीएमओ अशोक सलामे एवं समस्त विभाग प्रभारी व कर्मचारी सहित सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल नागरिक भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे, और हाथों में तिरंगे झंडा व पंपलेट लिए हुए थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पटपरपाली में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली (कोमाखान)

हाल ही में 22 अपैल को पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना में 26 हिंदू पर्यटकों की क्रूर हत्या कर दी गयी थी, के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी संगठन के ठिकानों पर हवाई हमले करके उनका खात्मा कर दिया गया था। उसी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में 17 मई को पूरे देश एवं प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत पटपरपाली में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में युवा, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल हुए।




यात्रा की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई। भारत माता के पूजा अर्चना कर ग्राम पंचायत परिसर से प्रमुख मार्ग से तिरंगा यात्रा की रैली निकाली गई और पूरे मार्ग पर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय जवान, जय किसान के नारों से जोश और गर्व का माहौल बना रहा। यात्रा में शामिल ग्राम पंचायत पटपरपाली की सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है। खासतौर पर जिस बहादुरी से महिला कर्नल सोफिया कुरैशी ने इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है। हमें उन पर गर्व है। इस तिरंगा यात्रा में बच्चे भी तिरंगा लिए हुए दिखे। बुजुर्गों में भी जोश की कोई कमी नहीं थी। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन का प्रतीक बनी और दिखाया कि देश की आम जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हर चेहरे पर गर्व, हर कदम पर देशभक्ति और हर आवाज में भारत के लिए सम्मान था। यह तिरंगा यात्रा एक साफ संदेश लेकर निकली कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है और देश की जनता हर कदम पर अपनी सेना और सरकार के साथ है। कार्यक्रम में पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, पंच प्रमुख थलेश्वरी साहू, चेतन साहू, हवंत साहू, हेमलता साहू, सुनिता साहू, रामचंद्र यादव, धान बाई साहू, मनोज साहू, गमला यादव, मीना साहू, प्रेमलता साहू, मोतीलाल तिवारी, सुरित साहू, दशरथ साहू, धनमुखिया यादव, बालकुमार साहू साथ ही महिला समूह एवं ग्राम प्रमुख सम्मिलित हुए।



### बनियातोरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**नर्रा**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार बागबाहरा ब्लाक के अंतिम छोर ओडिशा सीमा जोंक नदी के किनारे बसे ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा में जनपद सदस्य लोचन पटेल की अगुवाई में ग्रामीणों ने हाथ में तिरंगे झंड़े लेकर तिरंगे यात्रा निकाली। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेनाओं द्वारा आंतक के खिलाफ भारत के संकल्प को दर्शाता है। इस दौरान लोचन पटेल समेत महिलाएं बच्चे शामिल हुए ।

## बसना में निकाली गई तिरंगा यात्रा देश भक्ति के नारों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ऑपरेशन सिंदूर अंतर्गत बसना में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हाईस्कूल बसना से बस स्टैंड तक ऑपरेशन सिंदूर के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदेश सदस्य डॉ एनके अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, रमेश अग्रवाल, डॉ गजानंद अग्रवाल, डॉ अरुण अग्रवाल की उपस्थिति में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला।



तिरंगा यात्रा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार एवं पार्षदगण शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ हाईस्कूल बसना से हुआ और यह शहर के प्रमुख चौक, चौराहों तथा गलियों से होते हुए आगे बढ़ी। इस रैली में स्काउट-गाइड के बच्चों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा लहराते हुए, देशप्रेम नारों और देशभक्ति गीतों के साथ वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से भर दिया। रैली के दौरान सभी ने अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से हिस्सा लिया। लोगों के चेहरों पर देश के प्रति समर्पण और गर्व की झलक स्पष्ट रूप देखा जा सकता था। अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार खांडे ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी नागरिक एकजुट हो के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने एकस्वर में भारत माता की जय घोष, वंदे मातरम के साथ भाग लिया।

## विद्यालय परिवार व ग्राम समाज खुटेरी ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

17 मई को प्रातः 8 बजे विद्यालय परिवार खुटेरी व ग्राम समाज द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, भारतीय सेना जिंदाबाद, ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद, विजय नरवाल अमर रहे, तागेहाईंग अमर रहे, शहीद जवान अमर रहे, मुरली नायक अमर रहे, मोहम्मद इम्तियाज अमर रहे, दिनेश शर्मा अमर रहे, सचिन यादव अमर रहे, कमल कंबोज अमर रहे, अमित चौधरी अमर रहे, सुरेंद्र मोंगरा अमर रहे, सूरज यादव अमर रहे जैसे जय घोष के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक ऑपरेशन सिंदूर के बैनर तले राष्ट्रध्वज तिरंगा अपने हाथों में लिए राष्ट्र प्रेम का संदेश और एकता का नारा लगाते हुए गांधी चौक व विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर पंचायत भवन पहुंचे। पश्चात विद्यालय में आम सभा में भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम, देश प्रेम की भावना ऑपरेशन सिंदूर द्वारा दुश्मन को किए गए करारा जवाब पर विचार व्यक्त करते हुए सैनिकों और नागरिकों के बलिदान को नमन किया गया।



सभा को पालेश्वर पटेल, अभिनंदन नाग ने संबोधित किया। अंत में प्रधानपाठक डोलामणि साहू द्वारा उपस्थितजनों को पहलगाम हमले में शहीद हुए नागरिक और जवानों के सम्मान में मौन धारण कर भावार्पण कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम खुटेरी के प्रथम नागरिक सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पंचगण रवीना ध्रुव, ज्योति ठाकुर, मंजू ठाकुर, सचिव दीपिका यदु, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चे, ग्राम पूर्व सरपंच द्वय रघुनंदन पटेल, घनश्याम धाँधी, वरिष्ठ नागरिक दशरथ साहू, सुखरू मांझी, पूर्व अध्यक्ष प्रबंध समिति कृष्णा ध्रुव, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश ध्रुव, उत्तर पटेल, सेतराम पटेल, पुनीत साहू, शिक्षकगण भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव, कन्हैया पटेल एवं माखनलाल देवांगन उपस्थित थे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर ने आभार जताया।

## बुंदेली में निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

गौरव ग्राम पंचायत बुंदेली में शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जनजागृति और देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव के सभी वर्गों युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने राष्ट्रप्रेम का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलाया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत पंचायत भवन से की गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः पंचायत परिसर में समाप्त हुई। हाथों में तिरंगा थामे ग्रामीणों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों के चेहरे पर गर्व, उत्साह और राष्ट्रीय एकता की झलक साफ दिखाई दे रही थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाना और युवाओं में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करना था। विशेष रूप से स्कूल के बच्चों की भागीदारी ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रविकांत निषाद ने कहा कि हम सभी का यह नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है कि हम देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हमेशा सजग रहें। ऐसे आयोजनों से न केवल जनजागरण होता है, बल्कि नई पीढ़ी को प्रेरणा भी मिलती है। तिरंगा यात्रा पूर्ण शांति, अनुशासन और गरिमा के साथ हुई। ग्रामीणों ने इस पहल को प्रेरणादायक और आवश्यक बताया, जो आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करेगा।





### ठाकुरदियाखुर्द में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अरंड (पिथौरा)। ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक ऑपरेशन सिंदूर हम सेना के साथ है का आयोजन प्राथमिक उच्च प्राथमिक व उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा व शाला प्रबंधन समिति का योगदान रहा। उप्राशा परिसर से बैंड बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। सेना के शौर्य व भारत माता की जय के नारे के साथ पूरे ग्राम में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हितेश्वरी साहू उपसरपंच, अक्षय साहू संकुल प्राचार्य, कौतुक पटेल समन्वयक, प्रधान पाठक हरिहर सिंह नाग, नीरा कुमार, शिक्षक राम नारायण बरीहा, संजय प्रधान, ओम डड़सेना, शारदा बरीहा, श्वेता ठाकुर, शाला प्रबंधन व विकास समिति के रमता ठाकुर, इतवारी चौहान, सुरेश सिन्हा, शंकर पटेल, सचिव दुर्गा डड़सेना, सेतकुवर पटेल, जेमा बाई, सोना निषाद, डेरहीन, हेमलता साहू, सरोजनी नायक, मिथिला ठाकुर, घासु राम सिन्हा, यशवंत साहू, दासों राम आदि उपस्थित थे। संकुल समन्वयक कौतुक पटेल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफलता को स्मरण करना व देश प्रेम की राष्ट्रीय भावना से आम जन मानस को जोड़ना तिरंगा यात्रा का उदेद्श्य है। संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों में शनिवार को सुबह 8 बजे तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## बिहाझर में ऑपरेशन सिंदूर व सेना के समर्थन में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायत बिहाझर में सेना के शौर्य के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में एक भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पंचायत के सरपंच एवं भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष काजल साहू, उपसरपंच दीपक साहू, पंचायत के जनप्रतिनिधि, पंचायत नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, ग्रामीणजन, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू, भाजपा कार्यकर्ता गजेंद्र साहू सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेना का आभार प्रदर्शन कर वंदन किया।




इस तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने सेना की बहादुरी और देश के प्रति उनकी निष्ठा को सम्मानित किया और उनके अद्वितीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। रैली के दौरान लोगों ने सेना के समर्थन में नारे लगाए और उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

ग्राम पंचायत बिहाझर के लोगों का यह प्रयास न केवल सेना के प्रति समर्थन और सम्मान को दर्शाता है, बल्कि उनकी एकता और देशभक्ति को भी प्रदर्शित करता है। इस तरह के आयोजन समाज में देशभक्ति और सेना के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हैं और लोगों को सेना के योगदान के प्रति जागरूक करते हैं। इस रैली के माध्यम से ग्राम पंचायत बिहाझर के लोगों ने दिखाया है कि वे सेना के साथ खड़े हैं और उनके प्रयासों को सलाम करते हैं। यह एक सराहनीय प्रयास है और इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।



### तिरंगा यात्रा में शामिल हुए पार्षद

**महासमुंद**। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व स्थानीय राधाकृष्णन वार्ड 25 के पार्षद भाऊराम साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व में टाउन हॉल से निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा टाउन हॉल से नेहरू चौक होते हुए आंबेडकर चौक, तथा शहर के प्रमुख मार्ग चौक होते हुए वापस टाउन हॉल पहुंची। इस दौरान उन्होंने तिरंगा यात्रा को देश के सेना की वीरता का प्रतीक बताते हुए सेना की वीरता व शौर्य को प्रणाम किया। यात्रा में प्रमुख रूप से सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू मौजूद थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, नगर पालिका परिषद से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**महासमुंद**। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान कि खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करने एवं जन जन तक भारतीय सेना के शौर्य को पहुंचाने के लिए 17 मई शनिवार की सुबह 9 बजे नगर पालिका परिषद में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पालिका से तिरंगा यात्रा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पार्षदगण नानू भाई, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, सीता तोंडेकर, माखन पटेल, धनेंद्र चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, पप्पू ठाकुर, संजय भोई, नगर पालिका के सीएमओ अशोक सलामे मौजूद रहे।

नगर पालिका से तिरंगा यात्रा प्रारंभ कर नेहरू चौक, बग्गा स्टोर्स चौक, अंबेडकर चौक, विठोबा टाकिज चौक, महामाया चौक, गांधी चौक होते हुए नगर पालिका कार्यालय में विसर्जित हुई। रास्ते भर तिरंगा यात्रा में जवानों के प्रति जय घोष का नारा लगाते रहे। तिरंगा यात्रा के समापन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हिंदुस्तान के जवानों को प्रणाम करते हुए कहा कि देश के जवानों के पराक्रम की जितनी तारीफ की जाए कम है। जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों को उनका धर्म पूछकर मारा गया था, जिसका करारा जवाब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान को उनकी ही भाषा में जवाब दिया है। देशहित में सही निर्णय प्रधानमंत्री ने लिया और देश के सैनिक जवानों ने बहादूरी से उनके घर घुसकर आतंकवाद के ठिकानों को खत्म किया। इस अभियान को ऑपरेशन सिंदुर नाम देकर मातृशक्ति का मान बढ़ाया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि हमारे देश के जवानों का शत-शत अभिनंदन है, जो दुश्मन देश पर हमला कर पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब दिया गया। देश के सैनिकों ने ईट का जवाब गोला बारूद से दिया है। पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा ने भारतमाता की भूमि को प्रणाम कहते हुए कहा कि देश के वीर सपूत सैनिकों ने जो कार्य कर दिखाया है उनका पूरे देशवासी स्वागत करते है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा कायराना पूर्ण हमला कर धर्म पूछ पूछ कर उनकी पत्नी बच्चों के सामने लोगों को मौत के घाट उतारा गया और आतंकवादियों ने कहा कि जाओ तुम्हारे मुखिया को बता देना। इसका करारा जवाब भारत सरकार के नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर आतंकवादियों के ठिकानों को उड़ाया। तीनों सेनाओं ने अपना पराक्रम और शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को नेस्तनाबूत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि आज पूरे देश में हर ग्राम पंचायत, गांव के गली गली में तिरंगा यात्रा निकालकर हिंदुस्तान के सैनिकों के पराक्रम पर धन्यवाद दिया जा रहा है। हिन्दुस्तान की सेना ने जो काम कर दिखाया वह सबके बीच है। इस अभियान को भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया, इस ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की चर्चा विदेशों की धरती में भी हो रही है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने देश के थल, जल, नभ तीनों सेनाओं की वीरता को प्रणाम करते हुए कहा कि तीनों सेनाओं के पराक्रम को पूरा देश देख रहा है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना ने देकर विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया है। अंत में पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये पर्यटकों व शहीद सैनिकों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा नेता आनंद साहू, शरद मराठा, मेघराज चंद्रसेन, रामेश्वर पटवा, नगर पालिका के सब इंजीनियर दिलीप कश्यप, विभाग प्रमुखगण सीताराम तेलक, नौशाद बक्श, दिलीप चंद्राकर, गुमान ध्रुव, दुर्गेश कुंजेकर, करण यादव, सुरेश तिवारी, नरेश ध्रुव, जितेंद्र साहू, महिला संगठक ममता बग्गा, राखी ठाकुर, रमा महानंद, नगर पालिका के कर्मचारीगण, सफाई दीदीयां एवं सफाई मित्रगण थे।



## खबर संक्षेप



### मंडी में 4 हजार कट्टा धान का आवक

**महासमुंद।** कृषि उपज मंडी महासमुंद में 6 मई से रबी फसल धान का क्रय-विक्रय कार्य जारी है। 16 मई को लगभग 4000 कट्टा धान का आवक हुआ। जिसमें धान की गुणवत्ता अनुसार न्यूनतम मूल्य 1670 रुपए तथा अधिकतम मूल्य 1835 रुपए रहा। कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत समस्त कृषकों को अपना धान मंडी प्रांगण में लाने की अपील की है। ताकि, व्यापारियों की प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य अनुसार धान का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया लाभान्वित, गड़बेड़ा ग्राम पंचायत को किया गया टीबी मुक्त घोषित

# गोड़बहाल के शिविर में 3629 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों तक शासन-प्रशासन की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तीसरे चरण में विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत गोड़बहाल में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास की 12 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए कुल 3639 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3629 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष 10 आवेदन शासन स्तर से संबंधित होने के कारण लंबित हैं, जिनका निराकरण शीघ्र किया जाएगा। शिविर स्थल पर ही 147 नए आवेदनों का पंजीयन भी किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी गई तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल जनता से सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने सुझाव व समस्याएं खुलकर रखें। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्यों एवं जनसेवा के लिए अधिकारी निरंतर सक्रिय हैं। इससे जनता को राहत मिल रही है। जिला पंचायत की सभापति रामदुलारी सिन्हा ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के चलते गांव से लेकर शहर तक विकास की गति में तेजी आई है। शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें एक हितग्राही को ट्राईसाइकिल, 16 को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, 04 को आवास स्वीकृति पत्र, 05 को किसान क्रेडिट कार्ड, 01 को नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र, 06 को मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड, 03 को खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, 26 को भू-स्वामित्व के अधिकार अभिलेख, 21 स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी सम्मान पत्र, 02 को आयुष्मान कार्ड और शिक्षा विभाग द्वारा जयसिंह साहू, डॉली मानिकपुरी, इम्मी रावल और विजय यादव को सहायक किट प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत गड़बेड़ा को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया और उसे प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। शिविर में जनपद सदस्य शैलेंद्री ध्रुव, पुरुषोत्तम धृतलहरे, सरपंच रुक्मणि सेन, सुमित्रा पटेल, नंदनी दीवान, जमुना पटेल, गिरीश पटेल, खेदूराम पटेल, पूर्व सरपंच सादराम, एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह, एसडीओपी ओगरे, सीईओ जनपद सीपी मनहर, तहसीलदार नितिन ठाकुर, मंच संचालक द्वारिका पटेल, शिविर प्रभारी एलडी रायकवार, वरिष्ठ अधिकारी सुशील चौधरी, उमेश दीक्षित, गुलाब श्यामल, सचिव श्याम कुमार पटेल, जयराम वर्मा, हृदयेश सिन्हा, आत्माराम सेन सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गरज-चमक के साथ हुई बारिश, खेतों की अकरस जुताई में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ज्येष्ठ के महीना में भीषण गर्मी के बीच अंधड व गरज चमक के साथ क्षेत्र में बारिश हुई। अब खेती किसानी कार्य कुछ दिन शेष है। किसान अपने खेतों को अकरस की जुताई ट्रैक्टर, नांगर बैल से करा रहे है। इधर, क्षेत्र के गांवों में कच्चे मकानों की मरम्मत भी चल रही है।

# तुर्की और अज़रबैजान पर प्रतिबंधों का भाजयुमो नेता ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

- ऐसे देशों को आर्थिक मोर्चे पर करारा जवाब दे रहा भारत



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने पाकिस्तान को समर्थन देने वाले मुस्लिम राष्ट्र तुर्की और अज़रबैजान पर भारत सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब ऐसे देशों को आर्थिक मोर्चे पर करारा जवाब दे रहा है।

तिवारी ने कहा कि तुर्की ने पाकिस्तान को युद्ध में हथियारों की आपूर्ति कर भारत विरोधी भूमिका निभाई है, लेकिन अब भारत बिना हथियारों के ही उसकी आर्थिक कमर तोड़ने की दिशा में कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि तुर्की पर भारत के बायकॉट का असर आने वाले समय में स्पष्ट दिखाई देगा, और वह भी पाकिस्तान की तरह आर्थिक संकट से जूझेगा। उन्होंने याद दिलाया कि जब तुर्की में विनाशकारी भूकंप आया था, तब भारत ने सबसे पहले 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत मानवीय सहायता पहुंचाई थी। इसके बावजूद तुर्की की पाकिस्तान समर्थित नीतियां विश्वासघात को दर्शाती हैं, और इसका खामियाज़ा उसे भुगतना पड़ेगा।

भाजयुमो नेता स्वप्निल तिवारी ने युवाओं से अपील की है कि वे तुर्की पर्यटन की अपनी योजनाएं रद्द करें। उन्होंने कहा कि जैसे देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने तुर्की से व्यापारिक संबंध खत्म किए हैं और फिल्म निर्माताओं ने वहां शूटिंग बंद की है, वैसे ही आम युवाओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर 15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
झलप एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : डिम्पल सिंह सलूजा झलप
सलूजा न्यूज एजेंसी
पता : सलूजा मोबाईल, झलप
मो. 9977000794

॥ओ३म्॥
प्रवेश प्रारंभ शिक्षण सत्र 2025-26
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
दुर्व्यसनों से मुक्त, सी.सी.टीवी से युक्त है
प्रकृति के गोंद में एकांत-शांत, सुरम्य वातावरण में स्थित
आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी
मूल्य-आधारित शिक्षा - गुरुकुल ने मूल्य-आधारित शिक्षा की पेशकश की जहां बच्चे की विशिष्टता के अनुसार सीखना होता है। यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है और बच्चों में तनाव के स्तर को कम करता है।
शारीरिक शिक्षा
योगासन-प्राणायाम, तीरंदाज, मल्लखम्ब व खेल आदि।
आध्यात्मिक शिक्षा व मानसिक उन्नति
सकारात्मक चिन्तन, ध्यान, संध्या-हवन आदि।
बौद्धिक व कौशल विकास
भाषण, गायन, वादन, कम्प्यूटर व तर्क-वितर्क करना।
कक्षा छठवीं
कक्षा सातवीं
कक्षा आठवीं
कक्षा नवमी
प्रवेश परीक्षा तिथि- 25 मई 2025 प्रातः-10 बजे से
प्रवेश कराने के इच्छुक पालक सम्पर्क करें -
9977245110, 9435272627
8640075505, 9754726016,
आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी
पो. पचेड़ा जिला- महासमुन्द (छ.ग.) 493445